लोक सभा अध्यक्ष ने दशहरा की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली, 10 अक्तूबर, 2016: लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने दशहरा की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

अपने सन्देश में, श्रीमती महाजन ने कहा :" दशहरा के पावन और हर्षोल्लास भरे अवसर पर मैं सभी देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देती हूँ। दशहरा अन्याय और बुराई पर न्याय, सच्चाई और सदाचार की विजय का प्रतीक है और यह सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। आइये, हम इस अवसर पर सभी लोगों के जीवन में शान्ति और खुशहाली लाने के लिए अपने आस-पास की बुराइयों के विरुद्ध लड़ने के लिए कृतसंकल्प हों । मैं कामना करती हूँ कि इस पर्व पर भाईचारे, मैत्री और सद्भावना का रिश्ता और मजबूत हो और हमें आगे बढ़कर सभी बाधाओं को दूर करने और सभी विषमताओं पर विजय पाने की प्रेरणा मिले।